सम्मर न्यूज़ / SUMMER न्यूज़

www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:54 बजे
सूर्यास्त शाम 6:52 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-223 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • रविवार 19 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


## न्यूज ब्रीफ

### हज के लिए 371 यात्री रवाना हुए

**नई दिल्ली**| हज 2026 का पहला जत्था, जिसमें 371 तीर्थयात्री शामिल थे, शनिवार को नई दिल्ली से मक्का के लिए रवाना हुआ। इसके साथ ही भारत से सालाना तीर्थयात्रा के मौसम की शुरुआत हो गई है। ये यात्री दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां की मौजूदगी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए रवाना हुए।

### पुणे एयरपोर्ट का रनवे बंद हुआ

**पुणे**| पुणे एयरपोर्ट का रनवे शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के एक विमान हादसे के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। वायुसेना ने जानकारी दी कि विमान की हार्ड लैंडिंग के कारण यह स्थिति बनी है। IAF के मुताबिक, इस घटना में एयरक्रू पूरी तरह सुरक्षित है और किसी भी नागरिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। रनवे को जल्द से जल्द फिर से चालू करने के प्रयास जारी हैं।

### TCS केस में निदा खान अब भी फरार

**नासिक**| नासिक के TCS ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न केस में आरोपी निदा खान अब भी फरार है। उसे ढूंढने के लिए तीन अलग-अलग पुलिस टीमें बनी हैं। निदा के पति को भी शुक्रवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पति ने बताया था कि निदा रिश्तेदार के घर पर रुकी हुई है लेकिन जब अधिकारी वहां पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था।

# केंद्र के लिए ब्लैक डे, हमें महिला विरोधी कहकर मसीहा नहीं बन सकतेः प्रियंका



**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

महिला आरक्षण विधेयक के लोकसभा में असफल होने के बाद सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोलते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि संवैधानिक संशोधन विधेयक केंद्र सरकार का षड्यंत्र है, जिसका उद्देश्य देश में हमेशा के लिए शासन करना और लोकतंत्र को कमजोर करना है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पर भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव है, जो 'स्पष्ट' हो चुका है और जनता को साफ दिखाई दे रहा है।

प्रियंका ने कहा कि सरकार ने परिसीमन के लिए यह विधेयक लाया था, जिसके बारे में विपक्ष का आरोप है कि इससे दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्य कमजोर होंगे। लोकसभा में विधेयक की विफलता 'लोकतंत्र की जीत' है और विपक्ष की एकता को दर्शाती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि कल जो हुआ वह लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ी जीत थी। संघीय ढांचे को बदलने और लोकतंत्र को कमजोर करने की सरकार की साजिश नाकाम हो गई और रुक गई। उन्होंने इस घटनाक्रम को केंद्र सरकार के लिए "ब्लैक डे" बताते हुए कहा कि यह पहली बार है जब सरकार को बड़ा झटका लगा है।

उन्होंने दावा किया कि यह संविधान की जीत थी, देश की जीत थी और विपक्ष की एकता की जीत थी, और यह सत्ताधारी दल के नेताओं के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी। मुझे लगता है कि यह एक साजिश है कि उन्हें किसी भी तरह सत्ता में बने रहना है। इसलिए, इसे हासिल करने के लिए, वे महिलाओं का इस्तेमाल करके स्थायी रूप से सत्ता में बने रहने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने सोचा था कि अगर यह पारित हो गया, तो वे जीत जाएंगे। अगर यह पारित नहीं हुआ, तो वे अन्य दलों को महिला विरोधी बताकर खुद को महिलाओं का रक्षक साबित करेंगे। हम जानते हैं कि महिलाओं का रक्षक बनना आसान नहीं है।


लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है।

## कल हमने संसद में बिल को हरा दियाः राहुल गांधी



*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में संसद में लाया गया विधेयक वास्तव में परिसीमन से जुड़ा था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व को कम करना था। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की एकजुटता से इस बिल को संसद में हरा दिया गया। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के पोन्नेरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह कदम एक व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत दक्षिणी और छोटे राज्यों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा राज्य की पहचान, भाषा और संस्कृति को निशाना बना रहे हैं। संसद में हुए घटनाक्रम पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने जो विधेयक पेश किया, उसे महिला आरक्षण से जोड़ा गया, जबकि ऐसा कानून पहले ही 2023 में पारित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस नए विधेयक के पीछे असली एजेंडा परिसीमन था, जिसका मकसद संसद में तमिलनाडु की सीटों को कम करना था। उन्होंने कहा, "हमने कल संसद में उस विधेयक को हरा दिया, क्योंकि यह राज्यों के अधिकारों और संतुलन के खिलाफ था।*

## कांग्रेस की महिला-विरोधी सोच हुई उजागर : किरण रिजिजू



*लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित न हो पाने के बाद केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। सरकार ने इस घटनाक्रम के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे महिला-विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शुक्रवार को जो हुआ, उससे कांग्रेस की सोच उजागर हो गई है और इसके लिए विपक्ष को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र आधिकारिक तौर पर समाप्त हो चुका है और यह बेहद सफल रहा। केंद्रीय बजट समेत सरकार के अन्य सभी विधेयक पारित हुए, लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन संशोधन विधेयक को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि लोकसभा में विधेयक का पारित न होना सरकार या भाजपा की विफलता नहीं है। उन्होंने इसे "काला दिन" बताते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा इस पर जश्न मनाना निंदनीय है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने राहुल गांधी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।*

## फौजियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी से बवाल

# इशिता पुंडीर के खिलाफ हिमाचल में मामला दर्ज

**■ वीडियो के बाद बढ़ा विरोध, माफी के बावजूद जांच जारी**

**एजेंसी | शिमला**

भारतीय सेना के जवानों पर विवादित टिप्पणी करने के बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इशिता पुंडीर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में उनके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज होने के बाद पुलिस ने FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इशिता पुंडीर ने अपने एक वीडियो ब्लॉग में दावा किया था कि "90 फीसदी फौजी देश के प्रति तो वफादार होते हैं, लेकिन अपनी पत्नी या गर्लफ्रेंड के प्रति नहीं।" इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि छुट्टियों के दौरान फौजियों की कई महिला मित्र होती हैं। बयान के सामने आने के बाद पूर्व सैनिकों और लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। सोशल मीडिया पर भी इस टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग उठने लगी।

विवाद बढ़ता देख इशिता पुंडीर ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए अपने बयान को "मानवीय भूल" बताया। हालांकि, माफी के बावजूद मामला शांत नहीं हुआ है। सिरमौर पुलिस के अनुसार, पूर्व सैनिकों और कांग्रेस नेता यदुपति ठाकुर की शिकायतों के आधार पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ये घटना फिर से सोशल मीडिया पर जिम्मेदार अभिव्यक्ति और सार्वजनिक बयानों की मर्यादा को लेकर बहस तेज हो गई है।

### साइबर ठगी मामले में तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद**| हैदराबाद में सीबीआई ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़ी साइबर ठगी के एक बड़े मामले में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पांच स्थानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में इंडसइंड बैंक के तत्कालीन असिस्टेंट मैनेजर दुब्बाका महेश, राजेश कन्ना और वायाला श्रीनिवास शामिल हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दर्ज किया गया था।

### पठानकोट-जम्मू रेल सेक्शन का निरीक्षण

**पठानकोट**| 3 जुलाई से शुरू होने जा रही श्री अमरनाथ यात्रा से पहले रेल यातायात को सुचारू करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे पुल संख्या 17 और पठानकोट-जम्मू रेल सेक्शन का निरीक्षण किया। बाढ़ के कारण पुल का एक हिस्सा खिसक गया था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

## लोकसभा की कार्य-उत्पादकता 93 फीसदीः अध्यक्ष ओम बिरला



**एजेंसी | दिल्ली**

संसद का बजट सत्र शनिवार को दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगन के साथ समाप्त हो गया। यह सत्र राजनीतिक रूप से काफी उथल-पुथल भरा रहा और इसे विशेष बैठकों के लिए निर्धारित समय से आगे बढ़ाया गया था, जिसमें चुनावी सुधारों पर चर्चा की गई। सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने और परिसीमन प्रक्रिया लागू करने से संबंधित था, लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि पारित होने के लिए 352 मतों की आवश्यकता थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने समापन संबोधन में बताया कि सदन की कार्य-उत्पादकता लगभग 93 प्रतिशत रही और कुल 41 बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए, जिनमें से 9 पारित हुए। इनमें वित्त विधेयक 2026 सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक शामिल हैं।

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उच्च सदन ने कुल 157 घंटे से अधिक कार्य किया और इसकी उत्पादकता लगभग 110 प्रतिशत रही। उन्होंने सदस्यों के योगदान की सराहना की और बताया कि यह सत्र देश की विकास दिशा तय करने में महत्वपूर्ण रहा।

## अर्शदीप सिंह समर के पिता परमजीत सिंह का भोग व अंतिम अरदास आज



**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

द समर न्यूज के डायरेक्टर एवं यूनाइटेड प्रेस क्लब के प्रधान अर्शदीप सिंह समर के पिता दिवंगत स. परमजीत सिंह जी का निधन बीमारी के चलते बीते 14 अप्रैल मंगलवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गये श्री अखंड पाठ साहिब का भोग एवं अंतिम अरदास 19 अप्रैल (रविवार) को आयोजित की जाएगी। यह धार्मिक कार्यक्रम गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब, नजदीक फील्ड गंज में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक संपन्न होगा। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु रखे गये पाठ के भोग व अंतिम अरदास में शामिल हो कर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। स. परमजीत सिंह जी का जीवन सादगी, ईमानदारी और विनम्रता का प्रतीक रहा। उन्होंने हमेशा सरल जीवन शैली अपनाई और दिखावे से दूर रहते हुए समाज के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उनके व्यवहार में मधुरता और अपनापन झलकता था, जिससे हर मिलने वाला व्यक्ति उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। वे जरूरतमंदों की मदद करने में हमेशा आगे रहते थे और बिना किसी स्वार्थ के सेवा भाव से कार्य करते थे। उन्होंने अपने परिवार को भी सादगी, संस्कार और मानवता के मूल्यों का पाठ पढ़ाया, जो आज भी उनके जीवन की सबसे बड़ी विरासत है। समाज के विभिन्न वर्गों, पत्रकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिवंगत परमजीत सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है।


JOURNALIST PREMIER LEAGUE

THE EVENT HAS BEEN RESCHEDULED

MATCH REVISED DATES:-

HARYANA VS RAJASTHAN
25TH APRIL, SATURDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

SEMI-FINAL

PUNJAB VS HIMACHAL
26TH APRIL, SUNDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

UTTAR PRADESH VS (HARYANA/RAJASTHAN)
2nd MAY, SATURDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA

GRAND FINALE
3RD MAY, SUNDAY, TAU DEVI LAL STADIUM, PANCHKULA



ੴ

"कबीरा जब हम जगत में आए, जग हंसा हम रोए।
ऐसी करनी कर चलो, हम हंसें जग रोए॥"



आपको अत्यंत दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि
समर न्यूज के डायरेक्टर एवं यूनाइटेड प्रेस क्लब के अध्यक्ष अर्शदीप सिंह समर के पिता

स. परमजीत सिंह जी

14-04-2026 (मंगलवार) को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में लीन हो गए

उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का

भोग व अंतिम अरदास

दिनांकः 19-04-2026 (रविवार)

दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक
गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा, लुधियाना में सम्पन्न होगी

दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु
भोग व अंतिम अरदास में शामिल होने की कृपालता करें

शोकाकुलः समर परिवार
99153-11007

SUMMER न्यूज़ | समर एक्सप्रेस

LOCATION

नोटः पार्किंग की व्यवस्था गुरुद्वारा साहिब के सामने स्थित कलगीधर स्कूल में की गई है।